हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

11 महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर किया नमन



12 102 शैलरों का पंजीकरण, 3 को मिलिंग की मंजूरी, परमल की...



खबर संक्षेप

नहर पटरी पर जुआ खेलते चार युवक पकड़े

फतेहाबाद। सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 51,300 रुपये की नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि दोनों नहरों के बीच पटरी पर कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी और मौके से चार व्यक्तियों को काबू कर लिया।

तस्कर की काली कमाई को सफेद करने वाला काबू

डबवाली। नशा तस्कर अपने नशे की काली कमाई को सफेद करने के लिए फर्जी कृषि आमदनी के कागजात तैयार करते हैं। ऐसे ही एक मामले में अब पुलिस ने कड़ी कारवाई की है।आर्थिक अपराध शाखा डबवाली प्रभारी निरीक्षक सचिव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नशा तस्करी से जुड़ी संपत्ति को वैध दिखाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में वांछित दो आरोपियों अवतार सिंह उर्फ तारी तथा विशाल गोयल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप तथा कुल 2 लाख नकद बरामद किए गए हैं।

बिजली उपकरण व तेल चोरी के 3 आरोपी दबोचे

डबवाली। पुलिस ने लाखों रुपए के बिजली उपकरण व तेल चोरी की वारदात के तीन आरोपियों हरदीप सिंह, संदीप कुमार व जगविंद्र सिंह को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता आनंद कुमार ने बताया कि थाना कालांवाली में विशाल देव पांडे ने शिकायत दी कि जगमालवाली स्थित क्लीन रिनिवेबल एनर्जी से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ड्रिल, ग्राइंडर, चौप्सा कटिंग मशीन, रेचेट मशीन, मल्टीमीटर, वेल्डिंग मशीन, टूल बैग, फराना बैटरी, होल्सा कट्टर, 50 लीटर डीजल, स्पैनर, एंकरिंग बीट, केबल, कॉपर स्ट्रीप व जेसीबी की बैटरी चोरी कर ली गई।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा आज से

सिरसा। नोहरिया बाजार की गली गोलछां वाली स्थित श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में पितरों की शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति के लिए 3 अक्तूबर से श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी जगदीश दायमा ने बताया कि श्राद्व पक्ष में पितरों की शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति को लेकर मंदिर परिसर में 3 अक्तूबर से श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास पंडित बालकृष्ण दायमा 3 अक्तूबर से 9 अक्तूबर तक रोजाना सायं 4:00 से 7:00 बजे कथा प्रवचन करेंगे।

जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

सिरसा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस के अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायता संगठन की टीम द्वारा गांव रसूलपुर में विशेष ग्राम सभा एवं जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों, ग्रामीणों तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जलस्रोतों के संरक्षण और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के प्रति जागरूक किया गया। विशेष ग्रामसभा में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, हर घर नल से जल की उपलब्धता, जल संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा पेयजल योजनाओं के उचित संचालन एवं रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

नगर पालिका हटाओ, पंचायत लाओ : पुरानी जनता धर्मशाला में उमड़ा जनसैलाब

महापंचायत में 9 पार्षदों ने लिखित व 5 ने मौखिक रूप से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नगर पालिका की कार्यप्रणाली के खिलाफ शुक्रवार को भूना में हजारों शहरवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुरानी जनता धर्मशाला में आयोजित सर्वजातीय महापंचायत में नगर पालिका को भंग कर भूना में दोबारा ग्राम पंचायत व्यवस्था लागू करने की मांग जोरदार तरीके से गूंजी। महापंचायत में पहुंचे लोगों ने हाथ उठाकर पंचायत व्यवस्था बहाल करने के समर्थन में अपनी राय जाहिर की। लोगों ने प्रॉपर्टी आईडी, विकास शुल्क, विभिन्न करों और विकास कार्यों को लेकर जमकर नाराजगी जताई। कार्यक्रम में मंच का संचालन वीरेंद्र शर्मा ने किया। महापंचायत के आयोजनकर्ता पीडी शर्मा, खैराती लाल छोकरा, एडवोकेट नरेंद्र रेवड़ी, पूर्व चेयरमैन चंद्रभान मेहता, सुरेश कुमार आरेवाला,दलबीर आदि ने महापंचायत की सफलता पर 51 सदस्य कमेटी गठित करके आंदोलन की आगामी रणनीति बनाने का कदम उठाया।



भूना। महापंचायत के दौरान समर्थन करते शहरवासी। *फोटो: हरिभूमि*

अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान

महापंचायत में लोगों ने साफ कहा कि नगर पालिका को भंग कर ग्राम पंचायत व्यवस्था बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। हजारों लोगों की मौजूदगी में उठी इस आवाज के बाद भूना में नगर पालिका बनाम पंचायत व्यवस्था का मुद्दा और गरमा गया है। महापंचायत में मौजूद हजारों लोगों से पंचायत व्यवस्था के समर्थन में हाथ उठवाए गए। इसके बाद सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत व्यवस्था बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

हजारों लोगों के बीच उठा भ्रष्टाचार का मुद्दा

महापंचायत में वक्ताओं ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कथित भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के आरोप लगाए। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। कार्यवाहक पालिका अभियंता सुमित चोपड़ा और कनिष्ठ अभियंता अरुण कुमार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे। लोगों ने अभियंताओं की उपलब्धता और विकास कार्यों की निगरानी को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग की।

इन पार्षदों ने सौंपे इस्तीफे

महापंचायत के दौरान वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी समेत 9 पार्षदों ने लिखित रूप में इस्तीफे सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। इनमें रोहतास जांगड़ा, कृष्णा सोनी, अतुल सोनी, कविता मुक्कल, सुमन शर्मा, पूजा छोकरा, शीला देवी और प्रकाश कुमार शामिल रहे। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि मास्टर पंकज पसरीजा समेत भगवंती कंबोज, अमन बाबा, रामनिवास नायक और रोहताश गोयल ने मौखिक रूप से इस्तीफा देने की घोषणा की। इस तरह कुल 14 पार्षदों ने नगर पालिका के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रॉपर्टी आईडी और विकास शुल्क पर फूटा गुस्सा

महापंचायत में प्रॉपर्टी आईडी को लेकर कथित अव्यवस्था, वर्ष 2011 से 2026 तक विकास शुल्क की वसूली और विभिन्न करों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। क्योंकि खाली प्लाटों के लाखों रुपए टैक्स के रूप में वसूलने के नोटिस दिए जा रहे हैं। जहां पर कोई भी डेवलपमेंट तक नहीं है।

इन्होंने भी महापंचायत में बुलंद की आवाज

महापंचायत में पूर्व जिला पार्षद बलविंदर सिंह कैरों, खैराती लाल छोकरा, शिक्षाविद तरसेम शर्मा, एडवोकेट प्रवीण राणा, व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अजय मेहता, शिक्षाविद सुखदेव मुक्कल, रिटायर्ड प्रिंसिपल अग्रसेन सुथार, शिक्षाविद जसवंत सिंह बैंस, नत्थूराम दहिया, पूर्ण चंद कंबोज, रिटायर्ड मुख्य अध्यापक वीरेंद्र शर्मा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज आदि ने संबोधित किया।

कंबोज समाज ने निकाला जुलूस: महापंचायत से पहले कंबोज धर्मशाला में सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में शहर की सड़कों से होते हुए पुरानी जनता धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान नगर पालिका हटाओ, ग्राम पंचायत लागू करो के नारे लगाए गए। महापंचायत स्थल पर पहुंचते-पहुंचते आंदोलन ने बड़ा रूप ले लिया। इसके बाद नगर पालिका को भंग कर ग्राम पंचायत व्यवस्था बहाल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।



फतेहाबाद। जाखल में हुई बैठक में भाग लेते कमेटी सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

रास्ते की मांग को लेकर जाखल मंडी का रेलवे को अल्टीमेटम

- 5 अक्टूबर तक हल न मिला तो 6 को ठप होंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले की जाखल मंडी का मुख्य रास्ता महीनों से बंद रहने का मामला अब उग्र रूप धारण करता जा रहा है। लंबे समय से आस्थाई फाटक के जरिए रास्ते की मांग कर रहे जाखल मंडी के लोगों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया है। शुक्रवार को अनाज मंडी के बड़े शेड के नीचे 15 सदस्यीय संघर्ष कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से रेलवे प्रशासन को अंतिम अल्टीमेटम देते हुए आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कमेटी सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यदि रेलवे विभाग और स्थानीय प्रशासन ने 5 अक्टूबर तक जाखल मंडी के निवासियों व व्यापारियों के लिए अस्थाई रास्ता चालू नहीं किया, तो 6 अक्टूबर को बड़े स्तर पर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि इस फैसले से रेलवे अधिकारियों और जिला प्रशासन को लिखित रूप से अवगत करवाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि रास्ते की मांग को लेकर जाखल मंडी के लोग लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले बीती 15 अगस्त को भी मंडी वासियों ने विरोध जताते हुए बाजार पूरी तरह बंद रखा था और काला दिवस मनाया था।

किसान परेशान

वरब्रिज का रास्ता बंद होने के कारण सबसे ज्यादा मार किसानों, आढ़तियों और दुकानदारों पर पड़ रही है। इस समय धान का पीक सीजन चल रहा है, लेकिन मुख्य रास्ता बंद होने की वजह से किसानों को लंबा और मुश्किल वैकल्पिक रास्ता तय करके मंडी पहुंचना पड़ रहा है। इससे न केवल किसानों का समय बर्बाद हो रहा है बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। बैठक में प्रधान लाभ सिंह, हरविंदर सिंह, नसीब सिंह, बलकार सिंह, गोरा, सतीश कुमार सहित भारी संख्या में मंडी के व्यापारी, किसान और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, रेलवे को हर हाल में रास्ता देना ही होगा।

सात दिन बाद फिर टूटी माइनर

- 30 एकड़ में हुआ जलभराव, नरमा और मूंग की फसल डूबी

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

क्षेत्र के गांव जोड़कियां के समीप कुतियाना माइनर शुक्रवार को फिर टूट गई। माइनर टूटने से करीब 30 एकड़ में नरमा व मूंग की फसल डूब गई। इससे किसानों को आर्थिक तौर पर काफी नुकसान हुआ है। माइनर टूटने की सूचना मिलने पर एसडीओ हरदीप सिंह व जेई विशाल मौके पर पहुंचे और माइनर को नहराना हेड से बंद करवा दिया गया। गौरतलब है कि सात दिन पहले भी कुतिताना माइनर टूट गई थी। माइनर टूटने से टेल पर पडने वाले गांव जमाल व कुताना में पेयजल की काफी परेशानी आ रही है। ग्रामीणों को खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव जोड़कियां के पूर्व सरपंच देवतराम के खेत के समीप कुतियाना माइनर बर्जी नंबर 56700 के पास अचानक गई। इससे खेतों में तेजी से जलभराव होने लगा। माइनर टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नहराना हेड से बंद करवा दिया। किसानों ने बताया कि माइनर की रिमॉडलिंग हुई और जहां पर टूटी है वहां पर कोर्ट से स्टे होने के कारण नई नहीं बनी। यहां से माइनर काफी कमजोर थी।



सिरसा। गांव जोड़कियां के समीप टूटी कुतियाना माइनर। *फोटो: हरिभूमि*

दो अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस ने लाखों रुपये की अफीम की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से दो अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तस्करों से ढाई किलोग्राम से अधिक अफीम बरामद की गई, जिसकी बाजारी कीमत 13 लाख 50 हजार रुपये आकी गई है। तस्करों की पहचान जसविंद्र सिंह व गुरमुख सिंह के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ पंजाब व राजस्थान में नशा तस्करी के मामले दर्ज हैं। डबवाली के डीएसपी योगेश कटारिया ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस टीम गांव शेरगढ़ क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस ने भारतमाला पुल के नीचे सर्विस रोड पर एक कार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान कार दो किलो 755 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने अफीम तस्कर जसविंद्र सिंह व गुरमुख सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ डबवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस केवल नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के विरुद्ध जनजागरूकता को भी समान प्राथमिकता दे रही है। जिलेभर में गांवों, शिक्षण संस्थानों, खेल मैदानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



सिरसा। पकड़े गए अफीम तस्कर। *फोटो: हरिभूमि*

पहले भी मामले दर्ज

डीएसपी ने बताया कि आरोपी जसविंद्र का आपराधिक रिकार्ड जांचने पर सामने आया कि उसके खिलाफ पंजाब के थाना लंबी, चूरापोस्त तस्करी, हरियाणा के हिसार, राजस्थान में छह क्विंटल चूरापोस्त तस्करी, अवैध अफीम की खेती के संबंध में थाना पंजाब के श्रीमुक्तसर साहिब में मामला दर्ज है। इसके अलावा आरोपी गुरमुख सिंह के खिलाफ एक अभियोग हत्या व हत्या के प्रयास के संबंध में पंजाब के लंबी थाना में मामला दर्ज है।.

डीसी कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे अध्यापक

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के बैनर तले प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांधी जयंती के अवसर पर जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष अध्यापकों ने हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के बैनर तले एक दिवसीय क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल की। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान राजपाल मिताथल व अनुबंधित अध्यापक संघ के जिला प्रधान शमिन्द्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। भूख हड़ताल पर जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, शमिन्द्र सिंह, पूनम रानी, धर्मपाल, जलजीत सिंह, राजेश गोठड़ा, राजेंद्र कुमार, विरेंद्र कुमार और अमनदीप कौर सहित 10 प्रतिनिधि बैठे। धरने को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान पूनम रानी महिला विंग, राज्य उपमहासचिव व सर्व कर्मचारी संघ महासचिव कृष्ण नैन, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद, इंद्रजीत सिंह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएन भारती ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष जताया।



फतेहाबाद। अनशन पर बैठे अध्यापक ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

शिक्षकों में बढ़ा रोष

सर्व कर्मचारी संघ के कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र जाखड़ और अन्य नेताओं ने कहा कि भर्ती से संबंधित सभी मूल अभिलेख, मेरिट सूची और विभागीय आदेश स्वयं सरकार व विभाग के पास उपलब्ध हैं। ऐसे में अध्यापकों से वर्षों पुराने विभागीय रिकॉर्ड मांगना और उन्हें प्रशासनिक स्तर पर उलझाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा, प्रशासन का काम न्यायालय के निर्णयों को लागू करना है, न कि स्वयं कोर्ट की भूमिका में आकर पुराने फैसलों की पुनरीक्षा करना।

कैंटीन बंद रहने से पूर्व सैनिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित पूर्व सैनिकों की कैंटीन नियमित रूप से नहीं खुलने के कारण पूर्व सैनिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक कैंटीन के बाहर एकत्र हुए और व्यवस्था को लेकर रोष जताया। पूर्व सैनिकों ने बताया कि कैंटीन में पर्याप्त सामान उपलब्ध होने के बावजूद इसके बंद रहने से उन्हें जरूरी सामान लेने के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला सैनिक बोर्ड के सचिव की लापरवाही के कारण कैंटीन नियमित रूप से नहीं खुल रही है। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले पूर्व सैनिकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। कई बार वे कैंटीन तक पहुंचने के बाद बिना सामान लिए ही वापस लौटने को मजबूर होते हैं। पूर्व सैनिकों ने कहा कि कैंटीन के निर्धारित समय पर खुलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि दूर-दराज से आने वाले सैनिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने मांग की कि कैंटीन की व्यवस्था में सुधार किया जाए और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर सूबेदार बनवारी लाल, हवलदार संतलाल, दरिया सिंह आदि मौजदू रहे।



किलोमीटर स्कीम की बसों से बढ़ रहे हादसे : रोडवेज यूनियन

फतेहाबाद। हिसार में किलोमीटर स्कीम की बस की चपेट में आने से एक छात्रा के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया है। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया है कि किलोमीटर स्कीम के तहत चलाई जा रही बसों में अप्रशिक्षित और ठेके पर रखे गए चालक दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रहे हैं, जिससे पूरे विभाग की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबद्धित हरियाणा कर्मचारी महासंघ, एटक के राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयवीर घणघस एवं फतेहाबाद डिपो प्रधान हनुमान वर्मा ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि किलोमीटर स्कीम की बसों का रंग-रूप और बनावट हू-ब-हू हरियाणा रोडवेज की सरकारी बसों जैसी है। दुर्घटना होने पर आम जनता में यह भ्रम फैलता है कि हादसा किसी नियमित सरकारी चालक की लापरवाही से हुआ है। इससे वर्षों से सेवा दे रहे प्रशिक्षित और ईमानदार सरकारी चालकों की छवि धूमिल हो रही है और पूरे परिवहन विभाग की साख पर गहरा दाग लग रहा है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि निजी हाथों में सौंपी गई इस व्यवस्था के विरोध में सरकार को बार-बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने मांग उठाई कि किलोमीटर स्कीम के ठेके को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए।



रोडवेज डिपू प्रधान हनुमान वर्मा।

मौसम सुबह और शाम के समय बढ़ेगी ठंडक, 10 अक्टूबर तक मौसम रहेगा शुष्क

15 अक्टूबर के बाद बदलेगा मौसम का मिजाज, 20 के बाद दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास पहुंचने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अक्टूबर के पहले सप्ताह में भले ही दिन के समय गर्मी का असर बना हुआ है, लेकिन महीने के दूसरे पखवाड़े में मौसम में बदलाव साफ महसूस होने लगेगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 15 अक्टूबर के बाद तापमान में गिरावट शुरू होने के आसार हैं, जबकि 20 अक्टूबर के बाद दिन का तापमान करीब 30 डिग्री और रात का तापमान 17 से 18 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। इससे सुबह और शाम के समय ठंडक बढ़ेगी। फिलहाल जिले में मानसून की सक्रियता पर पूरी तरह विराम है और 10 अक्टूबर तक मौसम के मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं की दिशा उत्तर-पूर्वी से उत्तर-पश्चिमी होने के कारण मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। बीच-बीच में हल्के बादल छाने तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने के आसार हैं।

पहले सप्ताह 34 से 36 डिग्री तक रह सकता है तापमान

अक्टूबर के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री के आसपास रह सकता है। इसके बाद दूसरे सप्ताह में दिन के तापमान में कुछ कमी आने के आसार हैं और अधिकतम तापमान 30 से 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री तक पहुंच सकता है।

पहाड़ों की बर्फबारी के बाद बढ़ेगी मैदानी इलाकों में ठंडक

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में ऊंचाई वाले स्थानों पर होने वाली बर्फबारी का असर धीरे-धीरे मैदानी इलाकों के तापमान पर भी पड़ता है। हालांकि अभी इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने की संभावना कम है। 15 अक्टूबर के बाद तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो सकता है। 20 अक्टूबर के बाद दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास और रात का तापमान 17 से 18 डिग्री के बीच रहने के आसार हैं। तापमान में गिरावट के साथ मौसम में बनी नमी से भी राहत मिलने की संभावना है। यदि इस अवधि में बारिश होती है तो तापमान में अपेक्षाकृत तेजी से गिरावट आ सकती है।

शुक्रवार को अधिकतम 36, न्यूनतम 23 डिग्री: *शुक्रवार को फतेहाबाद में अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य के आसपास रहा। वहीं न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 23 डिग्री पर पहुंच गया। दिन और रात के तापमान में अंतर के कारण सुबह-शाम मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने लगा है।*



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर किया शत-शत नमन

शास्त्री और महात्मा गांधी का देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान था और उनके योगदान को याद करते हुए हमारा शीश स्वयं ही उनके समक्ष नतमस्तक हो जाता है



सांसद ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, वितरित किए डस्टबिन

फतेहाबाद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर टोहाना शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल, मंडल अध्यक्ष रमन मडिया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और नागरिकों से अपने घर, गली, मोहल्ले एवं शहर को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। अभियान का शुभारंभ नगर परिषद कार्यालय, टोहाना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर चंडीगढ़ रोड, शहीद चौक, सब्जी मंडी, सदर थाना के सामने से होते हुए बालाजी मंदिर और पुनः शहीद चौक से भगवान वाल्मीकि चौक पहुंची, जहां अभियान का समापन हुआ। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपने गांव, गली, घर, मोहल्ले और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने आह्वान किया है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे कचरा इधर-उधर न डालें, निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करें तथा दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

- महात्मा गांधी, व शास्त्री एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की



राम राज्य की संकल्पना के अनुरूप व्यवस्था विकसित करे सरकार : जागो संस्था

फतेहाबाद। जागो संस्था की ओर से महात्मा गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संस्था के सदस्यों ने महात्मा गांधी की राम राज्य की संकल्पना का उल्लेख करते हुए सरकार से देश में ऐसी व्यवस्था विकसित करने की मांग की, जिसमें सभी नागरिकों के लिए नियम समान रूप से लागू हों तथा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। संस्था के सदस्यों ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा में राम राज्य की संकल्पना का उल्लेख किया था। देश को स्वतंत्र हुए लगभग 79 वर्ष हो चुके हैं, परंतु गांधी के सपनों के अनुरूप व्यवस्था स्थापित करने के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए। सदस्यों ने कहा कि राम राज्य का अर्थ ऐसी व्यवस्था से है, जिसमें न्याय, समानता, पारदर्शिता और नागरिकों के हित को प्राथमिकता मिले। इस अवसर पर सुरेंद्र असीजा, जिंदगी संस्था के प्रधान हरदीप सिंह, एडवोकेट प्रदीप जांगड़ा, सेवा सिंह मुवाल, मोंटू सिंह, भारत गोयल, यश तनेजा, नरेश शर्मा, ब्राइट गोदारा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिलेभर में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किए गए। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कांग्रेस नेता डा. केवी सिंह ने कहा कि शास्त्री और महात्मा गांधी का देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान था और उनके योगदान को याद करते हुए हमारा शीश स्वयं ही उनके समक्ष नतमस्तक हो जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए किए गए आंदोलन के बाद बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा संविधान बनाकर देश के नागरिकों को हक दिए गए, लेकिन आज संविधान को कमजोर करने के लिए मौजूदा सरकार आतुर है, जिसके लिए हम सबको एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होना होगा।





सिरसा। गांधी जयंती पर कार्यकर्ताओं को संबांधित करते कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह तथा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करती प्राचार्य अंशु उप्पल।

पूर्व विधायक अमित सिहाग ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री द्वारा जय जवान जय किसान का जो नारा दिया गया था वह आज भी प्रचलित है और लाल बहादुर शास्त्री द्वारा दिखाए गए मार्ग पर हम सब चलते हुए जवान और किसान को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गांधी ने धोती और चद्दर ओढ़ कर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी ठीक उसी प्रकार आज नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूदा सरकार की नीतियों के खिलाफ केवल एक टी शर्ट और पेंट पहन भारत जोड़ो यात्रा, छात्रों की गूंज जैसे प्रकल्प चला सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खड़े हैं। सिरसा की अनाजमंडी स्थित महात्मा गांधी पार्क में महिला कांग्रेस द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की सदस्य कृष्णा फौगाट ने कहा कि गांधी और शास्त्री के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य ललित कालड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और आत्मानुशासन का संदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देश के प्रति समर्पण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सीएमके नेशनल कालेज में आयोजित जयंती समारोह में कालेज प्राचार्य अंशु उप्पल ने कहा कि गांधी के विचार केवल स्वतंत्रता संग्राम तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आज भी सामाजिक सद्भाव, नैतिक जीवन और जिम्मेदार नागरिकता के लिए प्रासंगिक हैं।



गांधी व शास्त्री जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

फतेहाबाद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, स्वावलंबन और सेवा के माध्यम से देश को नई दिशा दी। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान और विचारों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज भी गांधी जी के विचार समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारा कायम रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि उनका सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायी है। शास्त्री जी ने कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया और जवानों तथा किसानों की भूमिका को विशेष महत्व दिया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें राष्ट्रहित और समाज सेवा को सर्वोपरि रखना चाहिए। इसके बाद कार्यकर्ता लघु सचिवालय स्थित स्मारक स्थल पहुंचे। यहां महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर जगदीश राय शर्मा, नगर परिषद वाइस चेयरमैन सविता टूटेजा, रामकुमार मेहरा, डॉ. रणजीत ओड, जगदीप सिंह मोंगा, शम्मी धींगड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पानी हमारे जीवन का आधार, इसकी बर्बादी रोकना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी : सतपाल रोज



फतेहाबाद। गांव दरियापुर में जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। फोटो : हरिभूमि

- जन स्वास्थ्य विभाग ने गांव दरियापुर व शहीदांवाली में मनाया गया जल अर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत फतेहाबाद जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जल अर्पण दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से गांव दरियापुर व शहीदांवाली में जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उपमंडल अभियंता सतपाल रोज ने कहा कि पानी हमारे जीवन का आधार है और इसकी बर्बादी रोकना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से पेयजल का आवश्यकता के अनुसार उपयोग करने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने कहा कि जल अर्पण दिवस का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, स्वच्छता और पेयजल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संकल्प भी लिया।

गांव शहीदांवाली में जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन खिचड़ ने कहा कि जल अर्पण दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को पानी के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ेगी तो इसका सीधा लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को मिलकर पानी की बर्बादी रोकने, वर्षा जल के संरक्षण तथा पेयजल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राणा प्रताप ने की। इसी प्रकार से गांव दरियापुर में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज आवश्यकता है कि हम पानी का सदुपयोग करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुमन कंबोज ने की।

जेएनवी खारा खेड़ी में मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, किया पौधरोपण

फतेहाबाद। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों, त्याग, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। प्राचार्य अनूप सिंह ने महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, शांति, स्वच्छता एवं नैतिकता के सिद्धांतों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एक पेड़ नाम के तहत विद्यालय में पौधरोपण भी किया गया।

शहर में चला विशेष स्वच्छता व जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर फतेहाबाद शहर में स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के स्वच्छ भारत मिशन शहरी के उपाध्यक्ष प्रमोद कौशिक ने महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत लाल बत्ती चौक से थाना रोड पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रमोद कौशिक ने सफाई कर्मचारियों के साथ स्वयं स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के साथ जलपान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। अभियान के दौरान मार्केट क्षेत्र के दुकानदारों एवं आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त शहर का संदेश देते हुए लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए गए और प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी और जीवनशैली है। सभी नागरिक मिलकर स्वच्छता बनाए रखें, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें और स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त फतेहाबाद के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी सुरेश चौहान, नगर परिषद उप प्रधान सविता टुटेजा, पार्षद किरण नारंग, निलांशी शर्मा, मनोज नारंग सहित शहरवासी व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। स्वच्छता व जन जागरूकता अभियान चलाते हुए सफाई कर्मचारी।

न्यूज डायरी

ओढ़ां व बड़ागुढ़ा में विशेष कैंप 6 को

ओढ़ां। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा सेतु अभियान जन कल्याण कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। कैंपों में नागरिकों की समस्याएं संबंधित विभागों द्वारा मौके पर सुनी जाएंगी तथा पात्र लाभार्थियों के आवेदन एवं पंजीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि छह अक्तूबर को बीडीपीओ कार्यालय ओढ़ां तथा बीडीपीओ कार्यालय बड़ागुढ़ा में सेवा सेतु अभियान कैंप लगाया जाएगा। सात अक्तूबर को खंड ओढ़ां के गांव जगमालवाली तथा खंड बड़ागुढ़ा के गांव बीरूवालागुढ़ा में कैंप आयोजित किए जाएंगे। आठ अक्तूबर को खंड ओढ़ां के गांव पन्नीवाला मोटा तथा खंड बड़ागुढ़ा के गांव रोड़ी में कैंप लगाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 13 अक्तूबर को बीडीपीओ कार्यालय खंड नाथूसरी चौपटा तथा नगर पालिका कालांवाली में कैंप आयोजित होगा।

ब्यूटी पॉर्लर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

सिरसा। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में आयोजित 35 दिवसीय ब्यूटी पॉर्लर प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट बतौर मुख्यातिथि चीफ एलडीएम संजीव गर्ग व निदेशक जितेश कंबोज ने वितरित किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संजीव गर्ग ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी जो कुछ भी सीखते हैं, उससे वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं। निदेशक जितेश कंबोज ने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण दिया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार शुरू कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ट्रेनर ने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है।

श्री रामा क्लब का दशहरा महोत्सव 11 से

सिरसा। श्री रामा क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 77वां रामलीला एवं दशहरा महोत्सव 11 अक्तूबर से शुरू होगा। जनता भवन रोड स्थित रामलीला ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। पिछले 76 सालों से भगवान राम के चरित्र का आदर्श मंचन कर रहे कलाकारों द्वारा इस बार भी वृंदावन की तर्ज पर रामलीला का मंचन करेंगे। इसी कड़ी में श्रीराम क्लब द्वारा आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारी की बैठक प्रधान अश्विनी बटला की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक श्याम बजाज, सरंक्षक बाबूलाल फुटेला, गोविंद ग्रोवर, उपप्रधान अनिल बांगा, गुलशन गाबा, कोषाध्यक्ष सुरेश अनेजा, सुरेश कालरा, नरेश खुंगर, अनिल डूमरा, संतलाल गुंबर, संतोष तनेजा सहित अन्य ट्रस्टीगण मौजूद रहे।

बुक बैंक शुभारंभ 6 अक्टूबर को, प्रेमानंद जी महाराज करेंगे उद्घाटन



फतेहाबाद। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद द्वारा समाज कल्याण व विद्यार्थियों की सहायता के उद्देश्य से शहीद मदनलाल ढींगरा बुक बैंक की शुरुआत की जा रही है। इसका शुभारंभ आगामी 6 अक्टूबर मंगलवार को शाम 5 बजे क्लीन मैन, हुडा सेक्टर-3, फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कम्युनिटी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला और महिला विंग की जिला अध्यक्षा डॉ. सुमन बजाज की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न होगा। बुक बैंक का विधिवत उद्घाटन श्री विचार आश्रम मंदिर फतेहाबाद से स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद के जिला महासचिव परम अरोड़ा ने बताया कि इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ उपस्थित रहेंगे। कम्युनिटी द्वारा शुरू किए जा रहे इस शहीद मदनलाल ढींगरा बुक बैंक के सुचारू संचालन और व्यवस्था के लिए रामचंद्र सेठी को संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव परम अरोड़ा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे आगामी 6 अक्टूबर को शाम 5 बजे समय पर पहुंचकर समारोह को सफल बनाएं।

अलीका गुरुद्वारे में बर्तनों को लेकर दो पक्षों में विवाद, ग्रंथी से मारपीट के आरोप



रतिया। गांव अलीका स्थित गुरुद्वारा श्री अकालगढ़ साहिब में बर्तन ले जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने सदर थाना पुलिस को शिकायत देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच में जुटी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीरवार शाम ढाणी अलीका निवासी लखविंदर सिंह धार्मिक कार्यक्रम के लिए गुरुद्वारा साहिब से बर्तन लेने पहुंचा था। बर्तनों की गिनती को लेकर उसकी ग्रंथी बाबा भजन सिंह से बहस हो गई। लखविंदर पक्ष ने ग्रंथी पर जातिसूचक टिप्पणी करने और कृपाण से हमला करने का आरोप लगाया, जिससे वह घायल हो गया।वहीं, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रोही राम व गुरप्रीत ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि लखविंदर कुछ युवकों के साथ आया और ग्रंथी से मारपीट की। जत्थेदार बाबा भगत सिंह ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना को धार्मिक रंग न देने की बात कही।थाना प्रभारी शीशपाल ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें मिली हैं। पुलिस बयान, साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

फेस्टिव ऑफर्स के लालच में न करें जल्दबाजी : एसपी निकिता खट्टर



फतेहाबाद। त्योहारी सीजन में ऑनलाइन खरीदारी और आकर्षक डिस्काउंट ऑफर्स की आड़ में सक्रिय होने वाले साइबर अपराधियों से बचाने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने आमजन को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न दिखाएं और पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही भुगतान करें। एसपी ने बताया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया, वॉट्सऐप तथा विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भारी छूट, सीमित समय के ऑफर, गिफ्ट वाउचर या बेहद कम कीमत पर सामान देने का लालच देकर फर्जी लिंक भेजे जा सकते हैं। साइबर ठग फर्जी शॉपिंग वेबसाइट बनाकर या नकली डिलीवरी मैसेज भेजकर लोगों को चूना लगा रहे हैं। ऐसे किसी भी लुभावने ऑफर पर भरोसा करने से पहले संबंधित वेबसाइट या विक्रेता की विश्वसनीयता अवश्य जांच लें। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी वस्तु की खरीदारी के लिए हमेशा आधिकारिक एवं भरोसेमंद वेबसाइट या उनके प्रामाणिक ऐप का ही इस्तेमाल करें। गूगल या सर्च इंजन पर मिलने वाले किसी भी कस्टमर केयर नंबर पर बिना जांच-परख के संपर्क न करें। साथ ही अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी या बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

न्यूज डायरी

साध्वी शांत योगानंद ने किया श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

फतेहाबाद। परमहंस श्री योग दरबार, श्री योग अनुभव मंदिर फतेहाबाद में चल रही श्री मद् भागवत कथा के पंचम दिवस व्यास पीठ पर विराजमान साध्वी शांत योगानंद ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, गौ चारण, कालिय नाग, पूतना वध जैसे मनमोहक प्रसंगों का वर्णन किया। साध्वी शांत योगानंद ने कहा कि कोई किसी भी भाव से भगवान की शरण में आता है भगवान सदा-सर्वदा उसका कल्याण करते हैं। श्री मद् भागवत कथा के मध्य विशेष रूप से श्री गोवर्धन पूजा का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री गोवर्धन नाथ की सुंदर झांकी बनाकर 56 भोग लगाये गये। इस दौरान कथा में नरेश मदान, सुरेश मैहता, मेहरचंद कक्कड़, गोल्डी नारंग, सुरेश चानना, नरोत्तम जांगड़ा, निशांत मैहता, आशु रूखाया, राहुल सैन सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक में संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

फतेहाबाद। भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महामंत्री सीताराम धारणियां एवं विजय जांगड़ा ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंडल प्रभारी भीम लाम्बा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल प्रभारी भीम लाम्बा ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पवन प्रजापति, रामनिवास पूनिया, भूप सिगड़, सुरेंद्र भादू, प्रेम बिश्नोई, जेपी गोदारा, जयदेव गोदारा, प्रताप झाझड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल वैश्य समाज आयोजित करेगा चित्रकला प्रतियोगिता

रतिया। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन के जीवन चरित्र एवं एक ईंट एक रुपया के सिद्धांत को रचनात्मकता के साथ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल वैश्य समाज फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों में आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत प्रथम आयु वर्ग में 11 से 18 वर्ष तथा द्वितीय आयु वर्ग में 18 से 45 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। दोनों आयु वर्गों में पुरस्कार राशि प्रथम प्रति पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय प्रति पुरस्कार 51 सौ रुपये, तृतीय प्रति पुरस्कार 3100 रुपये एवं सांत्वना प्रति पुरस्कार 500 रुपये रहेगा।

सम्मान | खेत में तैयार लहसुन की चार बेहतरीन किस्मों का किया प्रदर्शन

कृषि मेले में भूथन खुर्द के किसान को मिला सम्मान लहसुन की उन्नत किस्मों से बढ़ाया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कृषि मेला-2026 में भूथन खुर्द के युवा किसान रवि पूनियां को सम्मानित किया गया है। फतेहाबाद जिले के भूथन खुर्द गांव के रहने वाले रवि पूनिया पिछले 7-8 साल से लगातार लहसुन की खेती में सक्रिय हैं और उन्होंने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय अनुभव हासिल किया है। मेले में लहसुन की सभी किस्मों में बेहतर उत्पादन और रोग प्रतिरोधकता के लक्ष्य के साथ रवि पूनिया ने अपने खेत में तैयार लहसुन की चार बेहतरीन किस्मों का प्रदर्शन किया। इनमें जी1, देशी लहसुन, रेड पर्पल गार्लिक और पहाड़ी लहसुन शामिल हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने उनके प्रयास की सराहना की। लहसुन की खेती में सराहनीय योगदान के लिए मेला परिसर में उन्हें प्रशंसा प्रमाण-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



भूना। भूथन खुर्द के युवा किसान रवि पूनियां को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

मसाले की फसलों में अधिक मुनाफा : पूनिया

एमए, पॉलिटिकल साइंस तक शिक्षित रवि पूनिया ने बताया कि पारंपरिक फसलों के साथ-साथ मसाला फसलों में भी अधिक मुनाफा है। यदि वैज्ञानिक तकनीक और सही बीज का चयन किया जाए तो किसान अपनी आमदनी दोगुनी कर सकता है। उन्होंने कहा कि हिसार यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उनकी चारों किस्मों का ट्रायल यूनिवर्सिटी की प्रायोगिक फील्ड में लगाया गया है। विश्वविद्यालय ने आश्वासन दिया है कि ट्रायल सफल रहने पर उनकी किस्मों को यूनिवर्सिटी द्वारा बेहतर किस्मों के रूप में प्रदर्शित कर किसानों में जागरूकता के लिए प्रचारित किया जाएगा। रवि पूनिया के सम्मान से क्षेत्र के किसानों और परिजनों में खुशी है।

खबर संक्षेप

छात्राओं ने हिसार कृषि मेले का किया भ्रमण

रतिया। शहीद देविंदर सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय रतिया के भूगोल विभाग की कुमारी एलेन चर्चिल सैंपल भूगोल विषय परिषद की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा के तहत महाविद्यालय की लगभग 75 छात्राओं ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित रबी कृषि मेले में भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों का व्यवहारिक ज्ञान हासिल किया।

आंगनबाडी केंद्रों में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

ऐलनाबाद। सेवा संकल्प अभियान के तहत आज यहां की विभिन्न आंगनवाडी केन्द्रों में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष रवि लढा, भाजपा के सह जिला मीडिया प्रभारी सुभाष चौहान, विजय शर्मा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व पार्षद पूर्णिमा महिवाल शर्मा, पार्षद इंदू कामरा महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मोनिका रानी तथा आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका प्रवीण कुमारी व अन्य कई महिलाएं भी मौजूद थी।

राजकीय नेशनल कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

सिरसा। राजकीय नेशनल कॉलेज, सिरसा के अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यपाल ने कॉलेज परिवार में नए विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का एक बेहतरीन मंच है।

लाखों रुपये की हेरोइन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने जिले क्षेत्र से एक नशा तस्कर को लाखों रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्कर की पहचान सिरसा निवासी रोहित के रूप में हुई है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी संदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान सिरसा के रेलवे फाटक क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने का प्रयास करने लगा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लाखों रुपये हेरोइन बरामद हुई।

कला रचनात्मकता तनाव प्रबंधन का सशक्त माध्यम

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में विद्यार्थियों के लिए एन इंट्रोडक्शन टू क्वांटम कंप्यूटिंग विषय पर आमंत्रित व्याख्यान तथा वॉटर कलर पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। की समन्वयक फाइन आर्ट्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीतू खत्री रहीं जबकि यूएसजीएस के डीन प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कला रचनात्मकता का महत्व बताया।

सरकारी खरीद शुरू हुए 4 दिन बीते, मंडियों में खरीद का इंतजार

102 शैलरों का पंजीकरण, 3 को मिलिंग की मंजूरी, परमल की सरकारी खरीद अटकी

डीएमसी की मंजूरी के बाद एजेंसियों से एग्रीमेंट होगा, 2-4 दिन में प्रक्रिया पूरी होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में आई धान की फसल। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश में परमल धान की सरकारी खरीद शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन फतेहाबाद में अभी तक सरकारी खरीद का पहिया रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। 102 राइस शैलरों ने मिलिंग के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन अभी तक सिर्फ 3 शैलरों को डिस्ट्रिक्ट मिलिंग कमेटी ने मिलिंग की स्वीकृति दी है। इन शैलरों का अब संबंधित खरीद एजेंसियों के साथ एग्रीमेंट होगा। एग्रीमेंट पूरा होने के बाद ही मिलिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। डीएफएससी कौशल बूरा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अगले 2 से 3 दिन में डीएमसी की ओर से अन्य पात्र मिलों को भी मिलिंग की स्वीकृति दिए जाने की उम्मीद है। इसके बाद एजेंसियों और राइस शैलरों के बीच एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी कर धान की खरीद और मिलिंग को सुचारू किया जाएगा।

29 सितंबर से खरीद शुरू पर फतेहाबाद में इंतजार

प्रदेश सरकार ने 29 सितंबर से परमल धान की सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा की थी। फतेहाबाद जिले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड और हरियाणा वेयरहाउसिंग एजेंसी के माध्यम से धान की खरीद होनी है। नोडल एजेंसी डीएफएससी की ओर से जिले में 7 मंडियों के साथ 50 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि सरकारी खरीद की तैयारी पूरी होने के बावजूद मिलिंग व्यवस्था से जुड़ी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। राइस शैलरों का पंजीकरण, डीएमसी की ओर से मिलों का आवंटन और इसके बाद खरीद एजेंसियों के साथ एग्रीमेंट—इन चरणों के पूरा होने के बाद ही खरीद व्यवस्था पूरी तरह गति पकड़ सकेगी।

खरीद शुरू होते ही व्यापार मंडल ने जताई आपत्ति

हैफेड की ओर से खरीद शुरू किए जाने के बाद अनाज मंडी व्यापार मंडल ने उठान व्यवस्था को लेकर आपत्ति जताई। व्यापार मंडल प्रधान रमेश तनेजा ने स्पष्ट किया कि मंडल धान की खरीद के विरोध में नहीं है। उनकी मांग है कि चावल मिलों के साथ एग्रीमेंट और धान के उठान की व्यवस्था पहले स्पष्ट की जाए। उन्होंने कहा कि खरीद के बाद यदि समय पर धान का उठान नहीं होता तो लगने वाली घटौती का भार आढ़ती पर पड़ सकता है। इसलिए व्यापार मंडल खरीद के साथ निश्चित समय में उठान की गारंटी और जिम्मेदारी स्पष्ट करने की मांग कर रहा है।

ऐसे चल रही पंजीकरण की प्रक्रिया

- 102 राइस शैलरों ने मिलिंग के लिए पंजीकरण कराया
- 3 शैलरों को डीएमसी ने मिलिंग की स्वीकृति दी
- स्वीकृत शैलरों का अब खरीद एजेंसियों से एग्रीमेंट होगा
- एग्रीमेंट के बाद संबंधित शैलरों में मिलिंग शुरू हो सकेगी
- अगले 2-3 दिन में अन्य मिलों को मंजूरी मिलने की उम्मीद है

ऐसे आगे बढ़ेगी धान से मिलिंग तक की प्रक्रिया

शैलर का पंजीकरण → डीएमसी से मिलिंग की स्वीकृति → खरीद एजेंसी को मिल का आवंटन → एजेंसी व शैलर के बीच एग्रीमेंट → धान की खरीद/मिलिंग

यानी पंजीकरण होने के बाद भी शैलर को तुरंत मिलिंग का काम नहीं मिलता। डीएमसी की स्वीकृति और खरीद एजेंसी के साथ एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी होना जरूरी है।

सीएम से बैठक के बाद शुरू हुआ पंजीकरण

धान खरीद शुरू होने से पहले राइस मिलर्स और सरकार के बीच नई धान पॉलिसी को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। हरियाणा राइस मिलर्स एसोसिएशन ने पॉलिसी में तय 50 लाख रुपए की एफडी की सीमा कम करने और मिलिंग के लिए मिलने वाले शुल्क में बढ़ोतरी की मांग उठाई थी। मिलर्स की मांग थी कि मिलिंग के लिए प्रति क्विंटल मिलने वाली राशि 10 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए की जाए। कुछ दिन पहले हरियाणा मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष की मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई। इसके बाद धान खरीद को लेकर सहमति बनी और राइस शैलरों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हुई। अब पंजीकरण के बाद डीएमसी की ओर से मिलों का आवंटन किया जा रहा है।

खरीद शुरू होते ही उठान को लेकर सामने आया पेंच

किसानों के ताला जड़ने के बाद हैफेड ने शुरू की खरीद, व्यापार मंडल ने उठान व्यवस्था स्पष्ट करने की मांग रखी धान की सरकारी खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों ने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (खेती बचाओ) के नेतृत्व में अनाज मंडी में धरना दिया और मंडी गेट पर ताला जड़ दिया। सूचना पर डीएफएससी और मार्केट कमेटी सचिव मौके पर पहुंचे तथा किसानों से बातचीत कर ताला खुलवाया। इसके बाद हैफेड ने धान की खरीद शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की।

1509 धान 4470 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी



सिरसा। रानियां मंडी में धान की ढेरी पर बोली लगाते व्यापारी।

एक दर्जन से अधिक मिलरों व व्यापारियों ने लिया हिस्सा, चेयरमैन बोले-दाना-दाना खरीदा जाएगा

रानियां। रानियां क्षेत्र में धान की फसल पककर तैयार होने के साथ ही मंडी में आवक शुरू हो गई है। किसानों को उनकी फसल का उचित भाव मिल सके इसके लिए मार्केट कमेटी प्रशासन ने मंडी में नियमित बोली शुरू करवा दी है। शुक्रवार को हुई बोली में एक दर्जन से अधिक मिलरों एवं व्यापारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों के बीच फसल खरीदने को लेकर प्रतिस्पर्धा दिखाई दी और एक-दूसरे से बढक़र बोली लगाई गई।

मंडी में शुक्रवार को 1509 किस्म के धान का अधिकतम भाव 4470 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि मंडी में पहुंची अधिकतर फसल 4400 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर के भाव में बिकी। बोली के दौरान मंडी दलाल कृष्ण दलाल ने ढेरियों की बोली करवाई और व्यापारियों ने फसल की गुणवत्ता के अनुसार भाव लगाए।

रानियां मंडी में रौनक

मार्केट कमेटी के चेयरमैन ललित मोहन पोपली ने कहा कि धान के सीजन को देखते हुए मंडी में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले धान का दाना-दाना खरीदा जाएगा। किसानों को उनकी फसल का उचित भाव मिले, इसके लिए हर छोटे-बड़े व्यापारी को बोली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। पोपली ने कहा कि मंडी में किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। सीजन के दौरान मंडी की व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे। बोली में त्रिलोक फाइन फूड, रतन राइस मिल, बालाजी इंडस्ट्री, मित्तल राइस मिल, स्वामी फूड, स्वामी ऑर्गेनिक, गोविंद न्यूट्रिशन, चन्दी राइस मिल, साधुराम सुभाष चंद्र सहित एक दर्जन से अधिक मिलरों एवं व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

नर्सिंग परीक्षा में मनप्रीत कौर ने किया टॉप

- शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



नर्सिंग परीक्षा में अव्वल रही छात्राएं।

मनप्रीत कौर ने 1000 में से 740 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया

गीता ने 736 अंक लेकर द्वितीय तथा तमन्ना ने 707 अंक लेकर तृतीय रहीं

पंडित बीडी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा घोषित पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों में शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अहरवां की छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्राओं ने संस्थान का नाम रोशन किया, जिससे महाविद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। महाविद्यालय की छात्रा मनप्रीत कौर ने 1000 में से 740 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गीता ने 736 अंक लेकर द्वितीय तथा तमन्ना ने 707 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तीनों छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर पूरे कॉलेज परिवार में जश्न का माहौल रहा। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय की चेयरपर्सन शरणजीत कौर, सचिव हरमीत सिंह और प्राचार्य डॉ. अनूप संधू ने मनप्रीत कौर, गीता व तमन्ना को बधाई दी। चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और उचित मार्गदर्शन का ही सुखद परिणाम होती है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिक्षकों व अभिभावकों को दिया श्रेय

प्राचार्य डॉ. अनूप संधू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के परिश्रम और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक व्यवसाय नहीं है, बल्कि मानव सेवा और संवेदनाओं से जुड़ा हुआ पवित्र क्षेत्र है। कॉलेज का ध्येय विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना है, बल्कि उनमें सेवा-भावना और संवेदनशीलता का विकास कर एक जिम्मेदार नर्सिंगकर्मी के रूप में तैयार करना है। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए टॉपर मनप्रीत कौर, गीता और तमन्ना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, महाविद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के निरंतर प्रोत्साहन व मार्गदर्शन को दिया।

बीए, बीएड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की छात्राएं छाई

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित बीए बीएड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। शानदार परीक्षा परिणाम घोषित होने पर महाविद्यालय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण रहा। बी.ए.बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में छात्रा स्वाती ने 88.14 प्रतिशत639 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ममता सतभावना ने 81.38 प्रतिशत 590 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा ने 78.90 प्रतिशत 572 अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार, बी.ए.बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में दीक्षा ने 80.92 प्रतिशत 526 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। गीता ने 80.62 प्रतिशत 524 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



फतेहाबाद। बी.ए.बी.एड. परिणाम में अव्वल रही छात्राएं।



सिरसा। वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

राजकीय कॉलेज में वॉकाथॉन का आयोजन

सिरसा। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में नए स्वयंसेवकों के लिए ओरिएंटेशन सत्र एवं विकसित भारत नशा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता वॉकाथॉन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जीतराम शर्मा ने सबसे पहले स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धांतों, नॉट मी बट यू के आदर्श वाक्य और समाज निर्माण में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सत्यपाल ने विद्यार्थियों को खुद को पहचानो विषय पर अत्यंत प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से आगाह करते हुए कहा कि आत्म जागरूकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही जीवन को सही दिशा देते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू कंबोज, रमेश सोनी, शाहबाज अख्तर, डॉ. भारती शर्मा तथा डॉ. सरबजीत ने भी अपने विचार रखे। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू कंबोज, रमेश सोनी, शाहबाज अख्तर, डॉ. भारती शर्मा और डॉ. सरबजीत ने आगामी गतिविधियों की जानकारी दी।

एसआईआर के नाम पर वोट काटकर भाजपा ने किया बड़ा भ्रष्टाचार: सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर लोगों के वोट काटकर भाजपा ने बड़ा भ्रष्टाचार किया है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था भी स्वयं निर्णय लेने में असमर्थ नजर आए तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र और प्रजातंत्र खतरे में है। सुनैना चौटाला ने कहा कि चुनाव आयोग को भाजपा सरकार ने अपनी कठपुतली बना लिया है। भाजपा सरकार मनमानी कर रही है और लोगों पर अपनी राय थोपने का काम किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जब जनता की ताकत खड़ी हो जाती है तो सत्ता को झुकना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकार की रक्षा होनी चाहिए। सुनैना चौटाला ने इनेलो पदाधिकारियों के साथ फतेहाबाद अनाज मण्डी का भी दौरा कर फसल खरीद को लेकर किए गए प्रबंधों का जायजा लिया और किसानों से बातचीत की।

रक्तदान कर जीवन बचाएं : महासाध्वी

सिरसा। रक्तदान करके किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है इसलिए रक्तदान से बढक़र कोई दान नहीं है। हर व्यक्ति को जीवन में रक्तदान करते रहना चाहिए। उक्त उद्गार महासाध्वी श्रुति ठाणे-5 ने तेरापंथ युवक परिषद सिरसा द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत श्रीमत सिटी सेंटर में रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। महासाध्वी ने कहा कि रक्तदान करके दूसरे का जीवन बचाने का मौका जिसे मिलता है, वह सौभाग्यशाली होता है। उन्होंने कैंप में स्वयं रक्तदान किया और अन्य रक्तदानियों की हौंसला अफजाई की। उन्होंने मेगा ब्लड कैंप के आयोजन के तेरापंथ युवक परिषद व श्रीमत सिटी सेंटर को शुभाषीश दिया। कैंप में शिव शक्ति ब्लड बैंक, वरदान ब्लड बैंक व सिविल अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने रक्त एकत्रित किया। श्रीमत टेक्सवर्थ प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर माधव जैन के अलावा अनेक समाजसेवियों, आयोजन संस्थाओं से जुड़े लोगों ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया।



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते लोग। फोटो : हरिभूमि

भट्टू अनाज मंडी से मूंगफली की 15 बोरियां चोरी व्यापारियों का हंगामा, गेट बंद कर किया प्रदर्शन

भट्टूकलां। जिले की भट्टू अनाज मंडी में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा मूंगफली की करीब 15 बोरियां चोरी कर लेने से मंडी परिसर में हडक़ंप मच गया। चोरी की इस घटना के बाद व्यापारियों और आढ़तियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी रोष व चिंता फैल गई। रोष स्वरूप व्यापारियों ने शुक्रवार सुबह मंडी के चारों मुख्य गेट बंद कर विरोध जताया और तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरी की यह वारदात मंडी स्थित माचरा ट्रेडिंग, सालासर ट्रेडिंग और हरियाणा ट्रेडिंग के शेड से हुई, जहां से करीब 15 बोरी मूंगफली गायब मिली। सूचना मिलते ही भट्टू थाना प्रभारी वीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए साक्ष्य जुटाए। चोरी की घटना के बाद मंडी सुरक्षा को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मार्केट कमेटी के सचिव निशांत कुमार, व्यापार मंडल के प्रधान प्रमोद कुमार, पुलिस टीम तथा बड़ी संख्या में व्यापारी व आढ़ती मौजूद रहे

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

10 लाख जुटाए, 80 सीटें रखीं; पंजीकरण खुलते ही दो दिन में सभी सीटें फुल

सरकार का इंतजार नहीं किया, गांव ने खुद खड़ी कर दी लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



फतेहाबाद। गोरखपुर में अतिथियों को सम्मानित करते ट्रस्ट सदस्य।

गांव में बच्चों और युवाओं के लिए पढ़ाई की जगह कम पड़ी तो ग्रामीणों ने सरकारी इंतजार करने के बजाय खुद पहल की। करीब 10 लाख रुपए के सामूहिक सहयोग से पुराने हॉल को आधुनिक लाइब्रेरी में तब्दील किया और महाशय माडूराम आर्य के नाम पर अध्ययन केंद्र शुरू कर दिया। 80 सीटों से शुरू हुई लाइब्रेरी में पंजीकरण खुलने के महज दो दिन में ही सभी सीटें भर गई। इनमें बड़ी संख्या छात्राओं की भी है। अब ग्रामीण इसकी क्षमता 120 सीट तक बढ़ाने के साथ गांव में स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू करने की तैयारी में हैं। गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को लाइब्रेरी का हवन एवं मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में एचसीएस असीम सिवाच मुख्य अतिथि और डॉ. वीरेंद्र सिवाच विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता वार्ड नंबर 13 के जिला पार्षद प्रतिनिधि डॉ. जसमेर सिवाच ने की।

मुख्य अतिथि एचसीएस असीम सिवाच ने कहा कि महाशय माडूराम आर्य का शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े माडूराम आर्य ने अपना जीवन समाज सुधार और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित किया। उनके नाम पर लाइब्रेरी शुरू करना उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ लाइब्रेरी का उद्घाटन नहीं, बल्कि गोरखपुर में शिक्षा के नए अध्याय की शुरुआत है। गांव के बच्चों और युवाओं को शांत वातावरण में पढऩे की सुविधा मिलेगी और वे प्रतियोगी परीक्षाओं तथा उच्च शिक्षा की बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इस अवसर पर असीम सिवाच ने लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें भी दान की।

ग्रामीणों के सहयोग से 80 तक पहुंची क्षमता

लाइब्रेरी की शुरुआत पहले करीब 40 सीटों से करने की योजना थी, लेकिन विद्यार्थियों की जरूरत और ग्रामीणों के उत्साह को देखते हुए क्षमता बढ़ाकर 80 सीट कर दी गई। पंजीकरण शुरू होते ही विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाया और दो दिन में सभी सीटें भर गईं। ट्रस्ट प्रधान शमशेर आर्य ने बताया कि छात्राओं की ओर से भी बड़ी संख्या में पंजीकरण कराया गया है। इससे गांव में बेटियों की उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर बढ़ती जागरूकता का पता चलता है।

माडूराम आर्य के जीवन से नई पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास

डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि महाशय माडूराम आर्य का जीवन समाजसेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़ा रहा। उनके विचार आज भी नई पीढ़ी को समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों को केवल याद करने के बजाय उनके आदर्शों को व्यवहार में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ. श्रीराम सिवाच, रिटायर्ड प्रिंसिपल सरस सिवाच, रिटायर्ड विंग कमांडर सतपाल नैन, रिटायर्ड प्रोफेसर राजबीर शास्त्री, ओमप्रकाश शर्मा, दीक्षा आर्य सहित अन्य वक्ताओं ने महाशय माडूराम आर्य के जीवन और सामाजिक योगदान पर विचार रखे।